(c) Australia, United Kingdom, United States and Germany are developed nations with better infrastructural facilities and as such tourist traffic to these nations are larger than the arrivals in India.

(b) Efforts being made for attracting more tourists to India include *improvement of infrastructural facilities* for tourism, development of tourist attractions, strengthening of publicity and promotional efforts and human resource development.

Development of Places of Historical Importance

2559. SHRI GAYA SINGH: Will the Minister of TOURISM be pleased to state:

(a) whether there is any proposal under Government's consideration to develop the places of historical importance like bodh Gaya, Rajgir, Pawapuri, etc;

(b) if so, the details thereof; and

(c) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF TOURISM (SHRI SRIKANTA JENA): (a) to (c) Yes, Sir. The Government has entered into a loan agreement with the Overseas Economic Cooperation Fund (OECF) of Japan in December 1998 for development along the identified Buddhist travel circuits in U.P. and Bihar. the OECF loan assistance is to the tune of 7.76 billion Japanese Yen. The project period is upto January 1999.

The major components of the project are strengthening of National and State Highways, land-scaping, augmentation of water and electricity supply and setting up of wayside amenities. the places identified for development under this project in Bihar are Bodh Gaya, Nalanda, Rajgir and Vaishali. Pawapuri is not a part of the OECF project.

मध्य प्रदेश में पर्यटक परिपथों की पहचान

2560. **श्री गोविन्दराम मिरी:** क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश के लिए केन्द्र सरकार द्वारा पहचान किये गये पर्यटक परिपथों का ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 1996-97 के दौरान राज्य में पर्यटक परिपथों के विकास के लिए कितनी धनराशि प्रदान की गई और क्या मध्य प्रदेश में किसी नये परिपथ को स्थापित किये जाने की संभावना है;

(ग) इस उद्देश्य के लिए मध्य प्रदेश को कितनी धनराशि आवंटित की जायेगी; और

(घ) क्या इंदौर और ओंकारेश्वर-महेश्वर-माण्डू-उज्जैन परिपथ को रतलाम-मंदसौर तक बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है?

संसदीय कार्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्री (श्री श्रीकांत जैना): (क) पर्यटन विभाग, भारत सरकार ने मध्य प्रदेश में भोपाल-सांची इंदौर उज्जैन-महेश्वर-ओंकारेश्वर-मांडू यात्रा परिपथ को एकीकृत आधारिक संरचना के विकास हेतु अभिनिर्धारित किया है।

(ख) और (ग) पर्यटन विभाग राज्य सरकार को पर्यटन परियोजनाओं हेतु, उनकी पारस्परिक प्राथमिकता तथा धन की उपलब्धता के आधार पर धन प्रदान करता है। पर्यटन विभाग को मध्य प्रदेश सरकार से पर्यटक परिपथों के विकास हेतु वर्ष 1996-97 के लिए धन हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(घ) पर्यटन विभाग ने हाल ही में इंदौर-ओंकारेश्वर-महेश्वर-मांडू-उज्जैन के पूर्व परिपथों में भोपाल तथा सांची को भी जोड़ा है।

क्षेत्रीय भाषाओं में पर्यटन साहित्य का प्रकाशन

2561. **श्री गोविन्दराम मिरी:** क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या भारत सरकार घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रचारार्थ विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में पर्यटन साहित्य के प्रकाशन हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध करायेगी?

संसदीय कार्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्री (श्री श्रीकान्त जैना): केन्द्रीय पर्यटन विभाग, प्रचार सामग्री के प्रकाशन हेतु, राज्य सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों पर उनके गुण-दोषों, पारस्परिक प्राथमिकता और धन की